ई–मेल

# उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् रुड़की (हरिद्वार)


पताः सुनेहरा रोड (निकट–के. एल. पालीटेक्निक छात्रावास), काशीपुरी –247667
ई–मेल – js.ubte15@gmail.com Website:www.ubter.in


सेवा में,

प्रधानाचार्य,
परिषद् से संबद्ध समस्त डिप्लोमा स्तरीय संस्थान,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक : 2229 / उ0प्रा0शि0प0 / स्पे0बे0पे0 आवदेन / 2025–26 दिनांक : 21.08.2025

**विषय : विशेष बैक पेपर परीक्षा 2025 एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम की सप्लीमेंट परीक्षा 2025 हेतु आवदेन पत्रों को पूर्ण कराए जाने विषयक।**

महोदय,

गत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशेष बैक पेपर परीक्षा 2025 एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम की सप्लीमेंट परीक्षा 2025 का आयोजन कराया जायेगा।

विशेष बैक पेपर परीक्षा–2025 हेतु ऐसे छात्र–छात्राएं जिन्होंने ग्रीष्मकालीन सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा 2025 में अन्तिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा संस्थागत / व्यक्तिगत के रूप में दी है, ऐसे समस्त अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भराए जाने हैं।

फार्मेसी पाठ्यक्रम की सप्लीमेंट परीक्षा 2025 हेतु ऐसे छात्र–छात्राएं जिन्होंने फार्मेसी पाठ्यक्रम की ग्रीष्मकालीन वार्षिक परीक्षा 2025 में अन्तिम वर्ष की परीक्षा संस्थागत / व्यक्तिगत के रूप में दी है एवं प्रथम वर्ष के केवल ईयर बैक (YEAR BACK) वाले छात्र–छात्राएं, ऐसे समस्त अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भराए जाने हैं।

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय संस्था प्रधानाचार्य के द्वारा यह विशेष ध्यान रखा जाए कि अभ्यर्थी छात्र विनियमावली 2016 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार विशेष बैक पेपर परीक्षा 2025 एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम की सप्लीमेंट परीक्षा 2025 के लिए पात्र है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भराये जाने से सम्बन्धित तिथियां निम्नलिखित हैं :–

**Online आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि : 25 अगस्त 2025**
**Online आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि : 03 सितम्बर 2025**

**शुल्क :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. आवेदन पत्र शुल्क | | = रु0 500 / – |
| 2. बैक पेपर शुल्क | (प्रति विषय) | = रु0 200 / – |
| 3. अंकतालिका शुल्क | | = रु0 30 / – |

आवेदन पत्र भरने के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन पत्रों का नॉमिनल रोल एवं बैंक ड्राफ्ट दिनांक : **10.09.2025 से पूर्व अनिवार्य रूप से परिषद् कार्यालय को प्रेषित किए जाएं।** ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् के नाम से बनाया जाना है, जो रूड़की में देय हो। शुल्क का भुगतान एक ही ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है।

**नोट–**
1. **किसी भी स्थिति में अनर्ह छात्र–छात्रा का आवेदन पत्र न भरा जाए। यदि अनर्ह छात्र–छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।**
2. **फार्मेसी पाठ्यक्रम में ईयर बैक (YEAR BACK) वाले छात्र–छात्राओं के समस्त सैद्धांतिक विषयों को परीक्षा आवेदन पत्र में भराया जाना है।**

भवदीय

(डा0 मुकेश पाण्डेय)
सचिव।